**भारत सरकार**

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय**

**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. : 2401**

**उत्तर दिए जाने की तारीख : 08.07.2019**

**बिहार में केंद्रीय विद्यालय**

**2401. श्री सुनील कुमार पिंटूः**

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को बिहार के सीतामढ़ी जिले में एक नवीन केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने हेतु विगत में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;
(ख) यदि हां, तो आज की तिथि के अनुसार उक्त प्रस्ताव पर क्या कार्रवाई की गई/की जा रही है
(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार का विचार आवश्यकता के अनुरूप लंबे समय से की जा रही मांग को पूरा करने के लिए उक्त जिले में एक नया केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने का है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**मानव संसाधन विकास मंत्री**

**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क) जी, हां| कमांडेंट एसएसबी पक्टोला, सीतामढ़ी से मार्च, 2018 में सीतामढ़ी (बिहार) जिले में एक नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुआ था|

(ख) नया केवी खोलने हेतु, प्रायोजक प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित एसएसबी पक्टोला, सीतामढ़ी के परिसर में 8 एकड़ भूमि का केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा निरीक्षण किया गया और उसे उचित पाया गया| तथापि, केविएस के मानदंडों के अनुसार, प्रायोजक प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त एक समुचित अस्थायी परिसर की अनुपस्थिति में प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ाया जा सका|

(ग) से (ङ) प्रश्न नहीं उठता|

*****